2018 ओन्टारियो चुनाव पुस्तिका

हम मतदान आसान बनाते हैं।

मतदान का कौन, कब, कहाँ और कैसे

Elections Ontario

ओन्टारियो का 42वां आम चुनाव **7 जून, 2018** को आयोजित किया जाएगा।

इस गाईड में ओन्टारियो में मतदान के कौन, कब, कहां और कैसे के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी शामिल है।

9 मई	लेखन (Writs) जारी किए जाते हैं और उम्मीदवार नामांकन खुलते हैं
10 मई	विशेष मतपत्र द्वारा मतदान के लिए आवेदन करने का पहला दिन
17 मई	उम्मीदवार नामांकन दोपहर 2 बजे (ईटी) पर बंद होते हैं
26 मई - 6 जून	आपके रिटर्निंग (returning) कार्यालय में सुलभ मतदान
26 मई - 30 मई	अग्रिम मतदान सुबह 10 बजे - शाम 8 बजे (ईटी)
29 मई	ई-पंजीकरण का उपयोग कर के मतदाता सूची में शामिल होने का अंतिम दिन
7 जून	**चुनाव का दिन** सुबह 9 बजे - शाम 9 बजे (ईटी)

कौन वोट देता है?

आप 2018 के आम चुनाव में मतदान करने के पात्र हैं यदि आप:

- चुनाव के दिन **7 जून, 2018** को कम से कम 18 वर्ष के हैं, और
- एक कनाडाई नागरिक हैं, और
- ओन्टारियो के निवासी हैं।

मैं किस के लिए मतदान कर रहा/रही हूं?

आप ओन्टारियो की विधान सभा में प्रांतीय संसद (मैंबर ऑफ़ प्रोविंशियल पार्लियामेंट) (एमपीपी) के सदस्य के रूप में आपका प्रतिनिधित्व करने के लिए अपने चुनावी जिले में एक पंजीकृत उम्मीदवार के लिए मतदान कर रहे हैं। 124 एमपीपी हैं - प्रांत में प्रत्येक चुनावी जिले के लिए एक।

सबसे अधिक निर्वाचित एमपीपीओं के साथ राजनीतिक दल आम तौर पर नई प्रांतीय सरकार बनाता है।

ओन्टारियो का कानून आपको अपने मतपत्र से इनकार करने का अधिकार देता है। इनकार किए गए आधिकारिक गिनती में शामिल किए जाते ं हैं।

नया क्या है?
यदि आप 16 या 17 वर्ष के हैं, तो अब आप elections.on.ca पर भविष्य के मतदाताओं के ओन्टारियो रजिस्टर में खुद को शामिल कर सकते हैं।

एक बार शामिल किए जाने पर, जब आप 18 वर्ष के हो जाते हैं, तो आपकी जानकारी स्वचालित रूप से मतदाता सूची में स्थानांतरित हो जाएगी।

इस आम चुनाव में मतदान करने के लिए आपको 7 जून, 2018 को कम से कम 18 वर्ष का होना चाहिए।

मतदाता चेकलिस्ट

- सुनिश्चित करें कि आप मतदान करने के लिए elections.on.ca पर पंजीकृत हैं।
- मेल में अपना मतदाता सूचना कार्ड (वीआईसी) प्राप्त करें।
- जांचें कि आपके पास सही आईडी है।
- अपने अधिकारों, मुद्दों और उम्मीदवारों के बारे में जानें।
- चुनें, आप कब और कैसे मतदान करना चाहते हैं।
- योजना बनाएं कि आप चुनावों तक कैसे पहुँचेंगे। वोट डालने जाते समय अपनी आईडी और वीआईसी लाना याद रखें।

<मतदाता सूचना कार्ड>

मतदाता सूची पर?
जब आप वोट करने जाएँ तो अपना मतदाता सूचना कार्ड (वीआईसी) और आईडी साथ लाएं।

VOTER INFORMATION CARD
CARTE D'INFORMATION DE L'ÉLECTEUR

Elections Ontario

If Undeliverable Return To: Return Address CityON E0E 0E0

CANADA POST POSTES CANADA
Postage paid Lettermail Port payé Poste-lettres

859-3956-20011-559312

Election day / Jour du scrutin :
June 7, 2018 from 9 a.m. to 9 p.m. (ET)
Le 7 juin 2018, de 9 h à 21 h (HE)

You vote at / Où voter :
EVERGREEN DISTRICT SS *
75 NEPTUNE ST
OVERTHERE, ON

Electoral district / Circonscription électorale :
LEEDS—GRENVILLE—THOUSAND ISLANDS AND RIDEAU LAKES / LEEDS—GRENVILLE—THOUSAND ISLANDS ET RIDEAU LAKES

Poll / Bureau de vote : 247A

Your address / Votre adresse :
10-123 MAIN ST SE
OVERTHERE ON 030 303
LINE 3 ADDRESS IF NEEDED

ELECTIONS.ON.CA

You are registered / Vous êtes inscrit / inscrite

DAVID EADES
175 BLOOR STREET EAST
TORONTO ON M4W 3R9

मैं कब मतदान करूं?

चुनाव का दिन **7 जून, 2018** है। सुबह 9 बजे से शाम 9 बजे (ईटी) तक वोट करें।

आप ऐसे भी वोट दे सकते हैं:

- आपके रिटर्निंग (returning) कार्यालय में व्यक्तिगत रूप से **10 मई से 6 जून तक**,
- आपके रिटर्निंग (returning) कार्यालय में व्यक्तिगत रूप से **26 मई से 6 जून** तक सहायक मतदान तकनीक के साथ,
- **26 मई से 30 मई** तक अग्रिम मतदान के दौरान व्यक्तिगत रूप से **सुबह 10 से शाम 8 बजे (ईटी)** तक, या
- **10 मई, 2018** से शुरू करके डाक के द्वारा। आपका चिह्नित मतपत्र चुनाव ओन्टारियो के प्रधान कार्यालय द्वारा चुनाव के दिन, **7 जून, 2018** को शाम **6 बजे से** पहले प्राप्त किया जाना चाहिए। आप यहां एक आवेदन पत्र प्राप्त कर सकते हैं:

  elections.on.ca

  sb@elections.on.ca

  आपका रिटर्निंग (returning) **कार्यालय**

  1-855-523-5932 (टोल फ्री)

  1-416-649-1046 (क्लेक्ट)

  1-888-292-2312 (टीटीवाई टोल फ्री)

याद रखें

अपना मतपत्र तेजी से प्राप्त करने के लिए अपना मतदाता सूचना कार्ड (वीआईसी) और आईडी साथ लाएं।

मैं कहां मतदान करूं?

यदि आपने **29 मई, 2018** तक मतदान करने के लिए पंजीकरण किया है तो आपको चुनाव के दिन से पहले डाक में एक मतदाता सूचना कार्ड (वीआईसी) प्राप्त होगा। वीआईसी में जानकारी है कि आप कब और कहां मतदान कर सकते हैं। आप अपना मतदान स्थान **elections.on.ca** पर भी ढूंढ सकते हैं।

छात्र मतदान

यदि आप स्कूल में हैं, तो आप उस चुनावी जिले में मतदान करना चुन सकते हैं जहां आप स्थायी रूप से रहते हैं या उस चुनावी जिला में जहां आप स्कूल जाने के लिए अस्थायी रूप से रहते हैं। वोट करने के लिए, आपके पास आईडी होनी चाहिए जो आपका नाम और आवासीय पता दर्शाती है।

अस्पताल मतदान

यदि आप देखभाल प्राप्त करने के लिए भाग लेने वाले अस्पताल में रह रहे हैं, तो संभव है कि आप **21 मई से 23 मई** तक मतदान कर सकें। । अपने रिटर्निंग (returning) कार्यालय से जांचें।

नया क्या है?

2018 के आम चुनाव के लिए ओन्टारियो के चुनावी जिलों में 124 तक वृद्धि हुई है।

इसका मतलब है कि हो सकता है कि अब आप एक नए चुनावी जिले में मतदान कर रहे हों।

elections.on.ca पर अपना मतदान स्थान ढूंढें।

मुझे वोट देने के लिए कैसे रजिस्टर करना है?

अगर आपको मतदाता सूचना कार्ड (वीआईसी) नहीं मिला है, तो हो सकता है कि आप मतदाता सूची में ना हों।

वीआईसी प्राप्त करने के लिए **29 मई, 2018** तक **election.on.ca** पर मतदाताओं की सूची में अपने आप को शामिल करें। आप अपने रिटर्निंग (returning) कार्यालय में, एक अग्रिम मतदान पर या चुनाव के दिन पर भी अपनी जानकारी अपडेट कर सकते हैं।

अपने आप को मतदाता सूची में शामिल करने के लिए, आपको आईडी का एक पीस चाहिए जो आपका नाम और आवासीय पता दर्शाता है।

election.on.ca पर स्वीकार्य आईडी की एक सूची खोजें।

नया क्या है?
हमारा नया ऑनलाइन ई-पंजीकरण टूल मतदाता सूची में आपकी जानकारी की पुष्टि करने, उसे अपडेट करने या उसे शामिल करने को आपके लिए सुविधाजनक बनाता है।

चुनाव के दिन पर वोटिंग को आसान बनाने के लिए **29 मई, 2018** तक **elections.on.ca** पर जाएं।

अगर मुझे मतदान करने में मदद की ज़रूरत है, तो क्या?
अपने मतदान स्थान की सुलभता के बारे में **elections.on.ca** पर और जानें।

सेवा जानवरों की अनुमति है।

आप परिवार के सदस्य, मित्र या समर्थक व्यक्ति को ला सकते हैं, या मतदान करने वाले कर्मचारी से आपको वोट देने में मदद करने के लिए कह सकते हैं। आप दोनों से यह घोषणा करने के लिए कहा जाएगा कि सहायता की आवश्यकता है और आपका वोट गुप्त रखा जाएगा।

आप उपकरण और सेवाएं भी प्राप्त कर सकते हैं जैसे कि:

- 30 से अधिक भाषाओं में मतदान निर्देश,
- आवर्धक शीटें,
- आपके मतपत्र के लिए एक ब्रेल टेम्पलेट,
- **26 मई से 6 जून** तक आपके स्थानीय रिटर्निंग (returning) कार्यालय में सहायक मतदान टैकनोलजी , या
- पंजीकृत साइन लैंग्वेज दुभाषिया या हस्तक्षेप करने वाले व्यक्ति के लिए भुगतान करने के लिए प्रतिपूर्ति।

यदि आपको ऐसी विकलांगता है जो गतिशीलता को प्रभावित करती है, तो कृपया अपने रिटर्निंग (returning) कार्यालय से संपर्क करें।

नया क्या है?
अब आप एक सहायक डिवाइस के रूप में अपने मोबाइल फोन का उपयोग कर सकते हैं।

हालांकि, आप इसे पूर्ण मतपत्रों की फ़ोटो या वीडियो लेने या साझा करने के लिए उपयोग नहीं कर सकते हैं।

हमसे संपर्क करें:
वेबसाइट **elections.on.ca**
फोन **1-888-668-8683**
टीटीवाए **1-888-292-2312**
ईमेल **info@elections.on.ca**

ट्विटर **@ElectionsON**
फेसबुक **ElectionsON**
इंस्टाग्राम **@electionson**
यूट्यूब **ElectionsOn**

इस पुस्तिका में उपलब्ध जानकारी को एक सुलभ प्रारूप में प्राप्त करने के लिए, कृपया election.on.ca पर जाएं या 1-888-668-8683 या 1-888-292-2312 (टीटीवाए) पर कॉल करें।

मै चुनाव के दौरान कैसे काम कर सकता/ती हूं?

इलेक्शनज़ ओन्टारियो चुनाव डिलिवर करने में हमारी सहायता करने के लिए चुनाव कर्मचारियोंकी तलाश में है। अधिकांश पदों पर आवेदन करने के लिए आपको कम से कम 18 वर्ष का होना चाहिए, और कुछ ऐसे पद हैं जो 16 वर्ष के लोगों लिए खुले हैं। विवरण के लिए, **election.on.ca** पर जाएं।